# स्वयंसेवकों ने गांव चंदावली में हेल्थ व हाइजीन जागरूकता अभियान चलाया

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के बैनर तले महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव चंदावली में हेल्थ एवं हाईजीन विषय पर आमजन को जागरूक करने का अभियान चलाया। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया के साथ मिलकर गांव चंदावली में स्वयंसेवकों ने उपस्थित जनसमूह को जर्म कंट्रोल वाइप्स वितरित किए व उसे प्रयोग करने के विषय में बताया। ग्रामीणों को अपने घरों के कूड़े कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए जानकारी दी गई। हाल ही में डेंगू के बढ़ते हुए प्रकोप से बचने के लिए आमजन को अपने घरों में लंबे समय से एकत्रित पानी को निकालने के लिए संदेश दिया।




हेल्थ एवं हाईजीन विषय पर आमजन को जागरूक करते हुए